੧ਓ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹ ॥

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
Punjab & Sind Bank
ਪੰਜਾਬ ਐਂਡ ਸਿੰਧ ਬੈਂਕ
पी.एस.बी. (भारत सरकार का उपक्रम/A Govt. of India Undertaking)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्र.का. लेखा एवं लेखा परिक्षा विभाग
''शेयर कक्ष'' बैंक हाऊस, प्रथम तल,
21, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008

H.O. Account & Audit Department
"SHARES CELL" Bank House, 1st Floor
21, Rajendra Place, New Delhi- 110008

Phone: 011-25782926, 25812922, Email: complianceofficer@psb.co.in

संदर्भ /Ref. No. दिनांक /Dated: ...........................

**Ref: PSB/HO/Shares Cell/ 26 /2022-23** **May 19, 2022**

To,

| | |
|---|---|
| **Bombay Stock Exchange Limited,**<br>**Department of Corporate Services,**<br>25th floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Fort,<br>Mumbai – 400 001.<br>**SCRIP ID : PSB**<br>**SCRIP CODE : 533295** | **National Stock Exchange of India Ltd.,**<br>Exchange Plaza, C – 1, Block – G,<br>Bandra Kurla Complex, Bandra (East),<br>Mumbai – 400 051.<br>**SYMBOL: PSB SERIES: EQ** |

Dear Sir,

**Reg: Punjab & Sind Bank – Press Release dated 19.05.2022**

We are forwarding a copy of Press Release dated 19.05.2022 issued by the Bank on Financial Results of the Bank for the Quarter (Q4) / Financial Year ended March 31, 2022.The same can also be viewed on the website of the Bank i.e, https://punjabandsindbank.co.in/

Yours faithfully,

**Saket Mehrotra**
**Company Secretary**

पंजाब एण्ड सिंध बैंक Punjab & Sind Bank
(A Govt. of India Undertaking)
Where service is a way of life

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**PRESS RELEASE**

**Date: 19th May2022**

## Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March 2022

**Punjab and Sind Bank makes a turnaround with a Net Profit of Rs.1039 Cr (FY) against a Net Loss of Rs.2733 Cr (Y-o-Y)**

Today, Punjab & Sind Bank declared the audited financial results of the Bank for the quarter and year ended 31st March 2022.

## Q4 FY – 2022 Highlights (Y-o-Y)

- ✓ Operating Profit increases to Rs.317 Cr during Q4 FY22, with Y-o-Y growth of 72.28%.
- ✓ Return on Assets (ROA) improves to 1.10%, improvement of 55 bps.
- ✓ Cost of Deposit (COD) is at 4.17%, improves by 42 bps.
- ✓ Net Interest Margin (NIM) improves to 2.90% in Q4 FY22 from 2.19% in Q4 FY21.
- ✓ CASA Deposit improves by 100 bps and reaches a level of 33.81%.
- ✓ RAM (Retail, Agriculture and MSME) advance grows by 10.45%.
- ✓ GNPA ratio reduces by 159 bps to 12.17% in March 22 from 13.76% in March21.
- ✓ NNPA ratio improves by 130bps to 2.74% in March 22 from 4.04% in March21.

Punjab & Sind Bank H.O.P.R Deptt. N.Delhi

## Key Summary of Business Performance (as on 31st March 2022)

### Income & Profitability:

- ✓ Bank reports a Net profit of Rs.346 Cr in Q4 FY22 as against profit of Rs.301 Cr in Q3 FY22 and Rs.161 Cr in Q4 FY21. The same stands at Rs.1039 Cr for FY22 against Net Loss of Rs.2733 Cr for FY21.
- ✓ Operating Profit for Q4 FY22 shows a growth of 72.28% on Y-o-Y basis. The same increases to Rs.1330 Cr in FY22 from Rs.772 Cr in FY21.
- ✓ Net Interest Income for the quarter grows by 40.81% on Y-o-Y basis. The same grew by 17.20% on Y-o-Y basis to Rs.2651 Cr for FY22 as against Rs.2262 Cr for FY21.
- ✓ Return on Assets (ROA) improves to 1.10% for Q4FY22 against 0.55% for Q4FY21 and 0.98%for Q3FY22. The same improves to 0.85% for FY22 against (2.55)% for FY21.

### Asset Quality:

- ✓ Gross NPA of the Bank reduces to Rs.8565 Cr in Q4FY22 from the level of Rs.9334 Cr in Q4FY21 and from Rs.9636 Cr in Q3 FY22.
- ✓ Gross NPA Ratio improves to 12.17% in Q4 FY22 from 13.76% in Q4 FY21 and from 14.44% Q3 FY22.
- ✓ Net Non-Performing Assets (NNPA) ratio reduces to 2.74% as at Q4 FY22 down from 4.04% as at Q4 FY21 and from 3.01% as at Q3 FY22.
- ✓ Provision Coverage Ratio (PCR) stands at 87.89% as at March 2022against82.89% as at Mar 2021 and 87.77% as at Dec 2021.

### Capital Adequacy:

- ✓ CRAR improves to 18.54% in March 2022 from 17.06% as at March 2021. Tier-I stands at 14.80% (CET-1 at 12.77%, AT-1 at 2.03%) and Tier-II stands at3.74% as of March 2022.

### Priority Sector & Financial Inclusion:

- ✓ Bank's Priority Sector Advance and Agriculture advance stands at Rs.31178 Cr (50.20%) and Rs.12551 Cr (20.21%) respectively, exceeding the requirement of 40% and 18% respectively of ANBC as at March 2022.
- ✓ Credit to Small and Marginal farmers stands at 11.81% of ANBC, against the norm of 9%.
- ✓ Credit to Weaker Sections stands at 12.91% of ANBC, against the norm of 11%.
- ✓ Bank has opened 15.25 lakh accounts under PMJDY and mobilized CASA deposits of Rs.560 Cr as at March 2022.



H.O.P.R Deptt. N.Delhi

## Business Highlights:

- ✓ Total Business of the Bank stands at Rs.172524 Cr in Q4 FY22 as against Rs.163919 Cr in Q4 FY21 and Rs.167061 Cr in Q3 FY22.
- ✓ As on 31st March 2022, Total Deposit stands at Rs.102137 Cr against Rs.96108 Cr as on 31st March 2021 and Rs.100351 Cr as on 31st Dec 2021.
- ✓ CASA Deposit registers a robust growth of 9.51% and 5.43% on a Y-o-Y and Q-o-Q basis respectively.
- ✓ Gross Advances reaches atRs.70387 in Q4FY22 against Rs.67811 Cr in Q4FY21 and Rs.66710 Cr in Q3 FY22.
- ✓ RAM (Retail, Agriculture& MSME) Advance grows by 10.45% on Y-o-Y basis. Retail advance grows by 15.29% to Rs.11737 Cr on Y-o-Y basis. MSME advance grows by 13.26% on Y-o-Y basis to Rs.13021 Cr.

## Distribution Network:

- ✓ As on 31st March' 22, the Bank has 1530 number of branches, out of which 569 are Rural, 278 Semi-Urban, 357 Urban & 326 Metro along with 676 number of ATMs and 357 BCs.

## Awards& Accolades:

- ✓ Bank has won 1stPosition under Exemplary Gold Award "Leadership Capital (4.0)" campaign organised by PFRDA for APY Enrolments
- ✓ Runner-up in Best Digital Financial Inclusion Initiative category award declared by IBA.
- ✓ 3rdTop Performing Bank in Theme 3 i.e. Collaborating for Synergistic Outcomes under EASE 4.0 as on 31.12.2021.
- ✓ 3rdPosition in DSB (Door Step Banking) Udaan Campaign launched by PSB Alliance Pvt. Ltd. from 01.02.2022 to 02.03.2022.
- ✓ Bank was awarded with "Rajbhasha Kirti Puraskar (Second)" in the year 2019-20 in the category 'B' of Nationalized Banks and Financial Institutions for the best implementation of the Official Language Policy.
- ✓ Bank was awarded as 'Best Public Sector Bank in SHG Linkage' for FY 2019-20.

Punjab and Sind Bank declares audited financial on 19th May 2022. While declaring the results, MD & CEO of the Bank Sh. S Krishnan informed that the Bank has sustained its' good performance by registering a Net Profit of Rs.1039 Cr for FY 2021-22 against a Net loss of Rs.2733 Cr for FY 2020-21.Q4 Profit stood at Rs.346 Cr against Rs.161 Cr as at Q4 of FY 2020-21.

MD & CEO also informed that the Bank continued its special focus on Retail Businessas a result of which RAM composition has improved from 48% to 51% while corporate advance has declined from 52% to 49% on Y-o-Y basis. CASA Deposits has also witnessed a robust growth of 9.51% on Y-o-Y basis. Bank has also surpassed the regulatory targets of 40% and 18% in Priority Sector and Agriculture Credit respectively.

The Bank has further strengthened its Balance Sheet by making additional provisions. Further, the Bank has proactively made 100% provisions in all fraud cases and Bank has not sought any dispensation from the regulator for staggering the provision.

MD & CEO further said that to enhance customer experience on digital platform Bank has set-up three e-lobbies in the state of Punjab. Out of these three e-lobbies, two will be converted into Digital Banking Units (DBUs) as a part of GoI announcement to set up 75 DBUs in 75 districts in Union Budget 22-23.

He also informed that the Bank has streamlined its mobile application i.e. "PSB UnIC" by adding new features such as opening FD/RD online, generation of TDS certificate etc. He also added that the Bank has introduced a "PSB UnIC Biz" for its corporate customers.

Sh. S Krishnan, MD & CEO expressed his gratitude to the Bank's customers and stakeholders for their continued patronage.

कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक
For PUNJAB & SIND BANK

सहायक महाप्रबंधक (ज.सं.) / Asstt. General Manager (PR)

पंजाब एण्ड सिंध बैंक Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक : 19 मई 2022

## 31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के वित्तीय परिणाम

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने शानदार वापसी करते हुए ₹1039 करोड़ का मुनाफ़ा कमाया।**

आज, पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने 31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के लिए बैंक के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

### वित्त वर्ष - 2022 की चौथी तिमाही के उल्लेखनीय तथ्य (वर्ष-दर-वर्ष)

- ✓ वित्त वर्ष-22 की चौथी तिमाही के दौरान परिचालन लाभ 72.28% बढ़कर ₹317 करोड़ हो गया।
- ✓ आस्तियों पर प्रतिलाभ (आर ओ ए) बढ़कर 1.10% रहा, इसमे 55 बीपीएस का सुधार हुआ।
- ✓ जमा लागत (सी ओ डी) 4.17% दर्ज हुई, जिसमें 42 बीपीएस का सुधार हुआ।
- ✓ वित्त वर्ष-22 की चौथी तिमाही में शुद्ध ब्याज मार्जिन (एन आई एम) सुधरकर 2.90% हो गया, जो वित्त वर्ष-22 की चौथी तिमाही में 2.19% था।
- ✓ कासा जमाराशि में 100 बीपीएस का सुधार हुआ और यह 33.81% के स्तर पर पहुंच गया।
- ✓ रैम (खुदरा, कृषि और एमएसएमई) अग्रिम में 10.45% की वृद्धि हुई।
- ✓ सकल एनपीए अनुपात मार्च-22 में 159 बीपीएस सुधरकर 12.17% हो गया, जो मार्च-21 में 13.76% था।
- ✓ निवल एनपीए अनुपात मार्च-22 में 130 बीपीएस सुधरकर 2.74% हो गया, जो मार्च-21 में 4.04% था।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक Punjab & Sind Bank H.O.P.R Deptt. N.Delhi प्र.का.जनसंपर्क विभाग नई दिल्ली

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## व्यावसायिक निष्पादन का मुख्य सारांश (31 मार्च 2022)

### आय व लाभप्रदता:

- ✓ वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही में बैंक ने ₹346 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष-2022 की तीसरी तिमाही में ₹ 301 करोड़ और वित्त वर्ष-2021 की चौथी तिमाही में ₹161 करोड़ का लाभ हुआ था। वित्त वर्ष-2021 में ₹2733 करोड़ के निवल हानि के मुकाबले वित्त वर्ष-2022 में ₹1039 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ।
- ✓ वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही में परिचालन लाभ में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 72.28% की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष-2022 में परिचालन लाभ बढ़कर ₹1330 करोड़ हो गया जोकि वित्त वर्ष-2021 में ₹772 करोड़ था।
- ✓ तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 40.81% की वृद्धि हुई। वही वित्त वर्ष-2022 में शुद्ध ब्याज आय 17.20% बढ़कर ₹2651 करोड़ हो गई जो वित्त वर्ष-2021 में ₹2262 करोड़ थी।
- ✓ वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही के लिए आस्तियों पर प्रतिलाभ (आर ओ ए) बढ़कर 1.10% रहा जबकि वित्त वर्ष-2022 की तीसरी तिमाही में यह 0.98% और वित्तीय वर्ष-2021 की चौथी तिमाही 0.55% था। वित्त वर्ष-2021 के लिए (2.55)% के मुकाबले वित्त वर्ष-2022 के लिए आरओए 0.85% रहा।

### आस्ति गुणवत्ता:

- ✓ बैंक का सकल एनपीए वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही में घटकर ₹ 8565 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष-2021 की चौथी तिमाही में ₹ 9334 करोड़ और वित्त वर्ष-2022 की तीसरी तिमाही में ₹ 9636 करोड़ था।
- ✓ वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही में सकल एनपीए अनुपात सुधरकर 12.17% हो गया, जो वित्त वर्ष-2021 की चौथी तिमाही में 13.76% और वित्त वर्ष-2022 की तीसरी तिमाही में 14.44% था।
- ✓ निवल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनएनपीए) अनुपात वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही में घटकर 2.74% हो गया, जो वित्त वर्ष-2021 की चौथी तिमाही में 4.04% और वित्त वर्ष-2022 की तीसरी तिमाही में 3.01% था।
- ✓ मार्च-2022 में प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 87.89% रहा, जो मार्च-2021 में 82.89% तथा दिसंबर-2021 में 87.77% था।

### पूंजी पर्याप्तता:

- ✓ सीआरएआर, मार्च-2022 में सुधरकर 18.54% हो गया जो मार्च-2021 में 17.06% था। मार्च-2022 में टियर-I 14.80% (सीएटी-1 12.77%, एटी-1 2.03%) और टीयर-II सीआरएआर 3.74% हैं।

### प्राथमिकता क्षेत्र व वित्तीय समावेशन:

- ✓ मार्च-2022 को बैंक का प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम और कृषि अग्रिम क्रमशः ₹31178 करोड़ (50.20%) और ₹12551 करोड़ (20.21%) रहा जोकि निर्धारित नियामक लक्ष्य क्रमशः 40% और 18% से अधिक हैं।
- ✓ छोटे और सीमांत किसानों को ऋण एएनबीसी का 11.81% रहा, नियामक लक्ष्य 9% है।
- ✓ कमजोर वर्गों को ऋण एएनबीसी का 12.91% रहा, नियामक लक्ष्य 11% है।
- ✓ बैंक ने पीएमजेडीवाई के तहत 15.25 लाख खाते खोले और मार्च-2022 तक ₹560 करोड़ की कासा जमा राशि जुटाई।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक / Punjab & Sind Bank H.O.P.R Deptt. N.Delhi / प्र.का. जनसंपर्क विभाग नई दिल्ली

## व्यवसायिक मुख्य विशेषताएं:

- ✓ वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही में बैंक का कुल कारोबार ₹ 172524 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष-2021 की चौथी तिमाही में ₹163919 करोड़ और वित्त वर्ष-2022 की तीसरी तिमाही में ₹167061 करोड़ था।
- ✓ 31 मार्च 2022 में कुल जमा राशि ₹102137 करोड़ रहा, जो 31 मार्च 2021 को ₹96108 करोड़ और 31 दिसंबर 2021 को ₹100351 करोड़ था।
- ✓ कासा जमाराशि में वर्ष-दर-वर्ष और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर क्रमशः 9.51% और 5.43% की मजबूत वृद्धि दर्ज हुई।
- ✓ सकल अग्रिम वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही में ₹67811 करोड़ और वित्त वर्ष-2021 की तीसरी तिमाही में ₹66710 करोड़ के मुकाबले वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही में ₹70387 करोड़ रहा।
- ✓ रैम (खुदरा, कृषि और एमएसएमई) अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.45% की वृद्धि हुई। खुदरा अग्रिम, वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 15.29% बढ़कर ₹11737 करोड़ हो गया। वर्ष-दर-वर्ष आधार पर एमएसएमई अग्रिम 13.26% बढ़कर ₹13021 करोड़ हो गया।

## नेटवर्क विस्तार :

- ✓ 31 मार्च 2022 तक, बैंक की 1530 शाखाओं (569 ग्रामीण, 278 अर्ध-शहरी, 357 शहरी और 326 मेट्रो) के साथ-साथ 676 एटीएम और 357 बैंक मित्र हैं।

## पुरस्कार/सम्मान:

- ✓ बैंक ने एपीवाई नामांकन के लिए डीएफएस/पीएफआरडीए द्वारा आयोजित अनुकरणीय स्वर्ण पुरस्कार "लीडरशिप कैपिटल (4.0)" अभियान के तहत प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ✓ आईबीए द्वारा सर्वश्रेष्ठ डिजिटल वित्तीय समावेशन पहल श्रेणी पुरस्कार में उपविजेता घोषित किया गया।
- ✓ 31.12.2021 की स्थिति के अनुसार थीम-3 ईएएसई 4.0 के तहत सहक्रियात्मक परिणामों के लिए सहयोग करना, में तृतीय शीर्ष प्रदर्शन करने वाला बैंक।
- ✓ 01.02.2022 से 02.03.22 तक पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शुरू किए गए डीएसबी (डोर स्टेप बैंकिंग) उड़ान अभियान में तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- ✓ राजभाषा नीति के सर्वोत्तम कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों की श्रेणी में क्षेत्र 'क' में बैंक को वर्ष 2019-20 के लिए "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" द्वितीय से सम्मानित किया गया।
- ✓ वित्त वर्ष 2019-20 के लिए बैंक को 'एसएचजी लिंकेज में सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक' के रूप में सम्मानित किया गया।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक Punjab & Sind Bank H.O. P R Deptt. N.Delhi प्र.का. जनसंपर्क विभाग नई दिल्ली

दिनांक 19 मई 2022 को पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम घोषित किये। परिणाम की घोषणा करते हुए बैंक के एमडी एवं सीईओ श्री एस. कृष्णन ने बताया कि बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 में ₹2733 करोड़ के निवल हानि के विरूद्ध वित्त वर्ष 2021-22 में ₹1039 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज करके अपने अच्छे प्रदर्शन को बरकरार रखा है। वित्त वर्ष-2021 की चौथी तिमाही के ₹161 करोड़ के विरूद्ध वित्त वर्ष-2022 की चौथी तिमाही में ₹346 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया ।

एमडी एवं सीईओ ने यह भी बताया कि बैंक ने खुदरा व्यवसाय पर अपना विशेष ध्यान केंद्रित रखा है जिसके परिणामस्वरूप वर्ष-दर-वर्ष आधार पर रैम अग्रिम 48% से बढ़कर 51% हो गया है जबकि कॉर्पोरेट अग्रिम 52% से घटकर 49% हो गया है। कासा जमाराशि में भी वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 9.51% की मजबूत वृद्धि देखी गई है। बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र और कृषि ऋण में क्रमशः 40% और 18% के नियामक लक्ष्यों को भी पार कर लिया है।

बैंक ने अतिरिक्त प्रावधान करके अपने तुलन-पत्र को और सुदृढ़ किया किया है। इसके अलावा, बैंक ने समस्त धोखाधड़ी प्रकरणों में अग्रसक्रिय रूप से 100% प्रावधान किए हैं और प्रावधान को सांतरण करने के लिए नियामक से कोई छूट नहीं मांगी है।

एमडी एवं सीईओ ने आगे कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों के अनुभव को परिष्कृत करने के लिए बैंक ने पंजाब राज्य में तीन ई-लॉबी स्थापित किए हैं। केंद्रीय बजट 22-23 में 75 जिलों में 75 डीबीयू स्थापित करने की भारत सरकार की घोषणा के भाग के रूप में, इन तीन ई-लॉबी में से दो को डिजिटल बैंकिंग इकाइयों (डीबीयू) में परिवर्तित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बैंक ने ऑनलाइन एफडी/ आरडी खोलने, टीडीएस प्रमाणपत्र बनाने इत्यादि नई सुविधाओं को जोड़कर अपने मोबाइल एप्लिकेशन अर्थात "पीएसबी यूनिक" को सुव्यवस्थित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक ने अपने कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए "पीएसबी यूनिक बिज़" प्रारंभ किया है।

श्री एस. कृष्णन, एमडी एवं सीईओ ने निरंतर समर्थन के लिए बैंक ग्राहकों और हितधारकों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक
For PUNJAB & SIND BANK

सहायक महाप्रबंधक (ज.सं.) / Asstt. General Manager (PR)